तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 6 अक्टूबर 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



10 शतरंज की बिसात पर युवा कौशल का जलवा





12 भव्य गरबा उत्सव में झूमे श्रद्धालु ललित कलाओं ...




## खबर संक्षेप

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगेगा आज

**अर्जुनी।** बलौदाबाजार विकासखंड ग्राम पंचायत अर्जुनी में बस स्टैंड के पास शिशु मंदिर स्कूल में 6 अक्टूबर दिन सोमवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं निशुल्क एवं अन्य जांच शिविर का आयोजन रखा गया है। सरपंच कविता भगेला ध्रुव, उपसरपंच विष्णु साहू, सचिव राजेश साहू ने बताया कि स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं निशुल्क अन्य जांच शिविर में रक्तदाताओं को हेलमेट व प्रशस्ति से सम्मानित किया जाएगा। वही मधुबन इलेक्ट्रॉनिक की ओर से रक्तदान करने वालों को विशेष उपहार दिया जाएगा। साथ ही पहले 20 रक्तदाताओं को डबल गिफ्ट दिया जाएगा ।

### समाज महर्षि वाल्मीकि का प्रागट्य दिवस कल

**भाटापारा।** महर्षि वाल्मीकि समाज प्रति वर्ष की तरह इस साल भी महर्षि वाल्मीकि का प्रागट्य दिवस धूमधाम से मनाएगा। महर्षि वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष प्रत्येश राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि का प्रागट्य दिवस पर विविध आयोजन होंगे।

### शरद पूर्णिमा पर काव्य गोष्ठी आज

**महासमुंद।** नगर की साहित्य समिति आस्था के संयोजन में शरद पूर्णिमा पर काव्यगोष्ठी का आयोजन 6 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे त्रिमूर्ति कालोनी स्थित जीवन सदन में होगा। कार्यक्रम की सभाध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक करेंगे। काव्य गोष्ठी में एस चंद्रसेन, डॉ. साधना कसार, उत्तरा विदानी, सुरेन्द्र अग्निहोत्री, सरिता तिवारी व एसआर बंजारे, टेकराम सेन सहित अन्य आमंत्रित रचनाकार काव्यपाठ करेंगे। इस अवसर पर समिति ने सभी काव्य प्रेमियों से उपस्थिति प्रदान करने का आग्रह किया है। यह जानकारी समिति के सचिव व मीडिया प्रभारी टेकराम सेन ने दी है।

### शराब पीने के विवाद पर हत्या

**रायपुर।** शरीब पीने के विवाद पर हत्या करने के आरोप में मंदिर हसौद पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को अधेड़ की लाश शनिवार सुबह एक शौचालय के पास मिली। घटना ग्राम कुकरा की है। पुलिस के मुताबिक सुरेंद्र धीवर (48) की हत्या के आरोप में सूरज कोसले तथा परमानंद साहू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सुरेंद्र घर जा रहा था। इस दौरान सूरज तथा उसके साथी ने सुरेंद्र को रोका और तीनों किसी स्थान पर जाकर शराब पीने लगे। इस दौरान सुरेंद्र का किसी बात को लेकर सूरज तथा परमानंद के साथ विवाद हो गया घर लौटने के दौरान सूरज ने एक निर्माणाधीन मकान के पास ऑटो रोका और अंदर से धारदार हथियार लाकर अपने साथी के साथ मिलकर सुरेंद्र के ऊपर हमला कर दिया। धारदार हथियार के हमले से सुरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।

# बिजली चोर गद्दी छोड़ के नारों के साथ भाटापारा में युवा कांग्रेस ने बोला हल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार प्रदेश के भाटापारा में हुआ युवा कांग्रेस का जन आंदोलन बिजली चोर गद्दी छोड़ भाजपा सरकार के द्वारा जन विरोधी नीतियो के माध्यम से अपने दो चार व्यपारी मित्रो अडानी अम्बानी जैसे लोगो को लाभ पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ मे जिस तरह आमजन की कमर तोड़ बिजली दर मे बेतहासा दोगुना तिगुना बिजली दर मे वृद्धि करते लूटने का काम कर रही है। जिसमे युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठारिया सह प्रभारी डॉ मोनिका मांडरे का प्रथम नगर आगमन हुआ, जिसमे युवा कांग्रेस ने नाका नंबर 1 भामाशाह चौक से आतिशबाजी के साथ स्वागत कर ऑटो ई रिक्सा मोटर सायकल रैली निकालते कांग्रेस भवन पहुँचे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। इस आंदोलन में युवा कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनमें ब्लॉक अध्यक्ष अरुण यादव, महिला ब्लॉक अध्यक्ष प्रमिला साहू, सेवादल जिलाध्यक्ष निर्मला कोसले, पार्षद शेखर चक्रधारी, अजय ठाकुर, सत्येंद्र चेलक, पलास मल्होत्रा, जित्तू शर्मा, दिवाकर मिश्रा, नितिन शुक्ला, आलोक मिश्रा, गोपाल शर्मा, शैलेंद्र अहिरवार, विक्की ठाकुर, सचिन शर्मा, पूर्णिमा, बिमलेश्वरी ध्रुव, अर्जुन सिंह, राजा तिवारी, मुकेश हेंवार, रोहित, सतीश आदि मौजूद रहे।

## महंगाई और बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ सड़कों पर उतरी युवा कांग्रेस



### जनसभा के बाद चला हस्ताक्षर अभियान

बिजली चोर गद्दी छोड़ जन आंदोलन,आमसभा,व हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, आमसभा में जनसमूह को संबोधित किये प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठारीय, सह प्रभारी डॉ मोनिका मांडरे, जिलाध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, सुनील माहेश्वरी, सतीश अग्रवाल, शुशील शर्मा, अमित बंटी शर्मा, शैलेन्द्र बंजारे ने बिजली चोर गद्दी चोर कार्यक्रम को संबोधित किया। जिसके विरोध में युवा कांग्रेस भाटापारा विधानसभा अध्यक्ष मोहन निषाद के नेतृत्व मे बिजली चोर गद्दी छोड़ आंदोलन चलाया गया।

## कार्रवाई : लंबे समय से कर रहे थे वसूली और धमकी

# सूदखोरी पर लगाम: दंपति गिरफ्तार चेक से धोखाधड़ी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शहर ने लंबे समय से चल रहे सूदखोरी प्रकरण में आखिरकार बलौदाबाजार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को आरोपी दंपति हेमलाल सिन्हा (48) और पिंकी सिन्हा (42), निवासी सी-4 राधा विहार कॉलोनी बलौदा बाजार को गिरफ्तार किया है। दोनों पर कर्जा अधिनियम की धारा 4 सहित धारा 420, 506, 384, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुरानी बस्ती निवासी हेमंत कुमार कन्नौजे, निवासी ठाकुर देव चौक, ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी दंपति ने उसे ब्याज पर रुपये दिए थे और बदले में दो खाली चेक जबरन ले लिए थे। शिकायत में यह भी उल्लेख था कि आरोपियों ने चेक में अधिक रकम भरकर उसे बाउंस कराने की धमकी दी तथा उधारी रकम लौटाने के बावजूद मारपीट और जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। यह वही मामला है जो पिछले कई दिनों से बलौदा बाजार में चर्चा का विषय बना हुआ था। सबसे पहले हरिभूमि ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए खबर प्रकाशित की थी। सूदखोरी के इस जाल में फंसे पीड़ित हेमंत कन्नौजे ने कई बार प्रशासन से शिकायत की थी, लेकिन शुरुआती स्तर पर मामले को "लेन-देन का विवाद" बताकर टाल दिया गया था। मामले के तूल पकड़ने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार और पुलिस पर सवाल उठाए थे। अंततः बढ़ते दबाव और मीडिया रिपोर्टों के बाद पुलिस ने निर्णायक कार्रवाई करते हुए सूदखोर दंपति को गिरफ्तार किया।

- हाईप्रोफाइल केस में हरिभूमि की खबर के बाद हरकत में आई पुलिस
- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी लिया था संज्ञान

## ब्याज पर पैसे देकर मारपीट, धमकी और अतिरिक्त वसूली कर रहे थे आरोपी







यूपीआई के माध्यम से लाखों रुपये लौटाए फिर भी वसूली का दबाव कम नहीं हुआ

सूदखोरी का जाल : पीड़ित परिवार न्याय के लिए भटक रहा, पुलिस की चुप्पी पर सवाल

### पुलिस जांच में खुलासा

जांच में पाया गया कि 16 सितंबर 2019 को आरोपियों ने पहली बार आवेदक को ब्याज में पैसा दिया था। उधारी रकम चुकाने के बाद भी आरोपियों ने खाली चेक वापस नहीं किया। बाद में उन्होंने ब्याज के नाम पर अतिरिक्त रकम की मांग की और लगातार दबाव बनाते रहे। इतना ही नहीं, आरोपियों ने पहले से लिए गए खाली चेक में अधिक राशि भरकर धोखाधड़ी भी की। पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामला दर्ज किया।

### आरोपियों ने कबूला अपना गुनाह

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान दंपति ने स्वीकार किया कि उन्होंने आवेदक को ब्याज में रकम दी थी और वसूली के दौरान अतिरिक्त राशि लेने, धमकी देने और चेक में हेरफेर करने की बात कबूल की। प्रकरण में अपराध क्रमांक 951/2025 दर्ज कर आरोपियों को 4 अक्टूबर 2025 को विधिवत गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के वॉकथॉन में चले सभी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में मारवाड़ी युवा मंच ग्रेन सिटी शाखा भाटापारा द्वारा 5 अक्टूबर रविवार को सुबह वॉकथॉन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विकास आडिल तथा मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत गांधी उपस्थित रहे। शाखा अध्यक्ष कैलाश बंसल द्वारा दिए गए स्लोगन सेहत से जूझ रहा है सारा जहान, आइए मिलकर करें हम वॉकथान के साथ जनता को वॉक के लिए प्रेरित किया। मंच की गतिविधियों के बारे में प्रकाश भी डाला गया। वहीं, ग्राउंड में प्रशिक्षण दे रहे कोच तिवारी ने भी वॉक के महत्व और सही तकनीक की जानकारी दी। कार्यक्रम में मंच की ओर से गिरिधर अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, गोपाल शर्मा, सुधीर अग्रवाल, साकेत माहेश्वरी, आशीष टोडर, वैभव सांखला, कैलाश बंसल एवं सिद्धार्थ गोलछा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। नगर के विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के गणमान्य नागरिकों ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी।

- सेहत से जूझ रहा है सारा जहान, आइए मिलकर करें हम वॉकथान रहा स्लोगन

मंच परिवार द्वारा नियमित रूप से मॉर्निंग वॉक करने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों आलोक त्रिवेदी , मोहन साहू काका , विक्की मिश्रा , श्रेणिक गोलछा पार्षद , नंदलाल बाजपेई , सुनील तिवारी कोच , राजू अग्रवाल 'दाऊजी' एवं योग शिक्षक हेमलाल वर्मा एवं साथी शिक्षक एवं अन्य नागरिक भी शामिल हुए।

# कसडोल थाने के दो गांवों में चाकूबाजी, 11 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

कसडोल थाने के 2 गांव में चाकूबाजी बलौदाबाजार जिले में अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। बीते कुछ दिनों में जिस तरह से एक के बाद एक चाकूबाजी और मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं, उसने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली और जिले की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं जिले के कसडोल थाना क्षेत्र में भी फिर दो अलग-अलग गांवों में चाकूबाजी की घटनाएं हुईं, जिनमें 11 लोग घायल हो गए।

- सेमरिया और देवरीकला गांव में दो अलग-अलग वारदातें, दो की हालत गंभीर





पहला मामला कसडोल का सेमरिया गांव यहां के आदतन अपराधी अंशु दास मानिकपुरी ने गांव के 3 लोगों पर चाकू से हमला कर दिया महेश्वर कैवर्त के गले पर वार करने से उसकी नस कट गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया घटना के बाद उसे तत्काल बलौदाबाजार ▶▶ शेष पेज 10 पर

### मामला दर्ज, आरोपियों की तलाश जारी

एसडीओपी कौशल किशोर वासनिक ने दूसरी घटना पर बताया कि, देवरी कला में एक प्रोग्राम था जिसमें गांव देवरीखुर्द के लोग देखने आए थे जो आश्रित ग्राम है इसमें दिलेश्वर वैष्णव करके आरोपी हैं दिलेश्वर वैष्णव ने बहुत लोगों पर हमला किया है आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। 2 गांव में चाकूबाजी की वारदात 11 लोग घायल 2 गंभीर पुलिस थाने का घेराव दोनों चाकूबाजी की घटनाओं को देखकर ग्रामीणों में दहशत है और ग्रामीणों ने कसडोल थाना घेराव किया है देवरीखुर्द गांव के दर्जनों ग्रामीण थाने पहुंचकर प्रदर्शन कर रहे हैं और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने दोनों मामलों में एफ आई दर्ज कर ली है और आरोपियों की तलाश कर रही है ।


## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स

NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549

### एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (NURSING SUPERVISOR) डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं,12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है। (4) विद्याकौशल के माध्यम से शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि - 30.10.2025**

**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 10.11.2025**

**प्रति,**

**कार्यसंचालक (NSDC)**
**मॉडर्न नालेज एजुकेशन**
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**

**कार्य संचालक पैरामेडिकलकोर्स**

**महोदय,**

........................................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ........................................
2. पिता/पति का नाम ........................................
3. जन्मतिथि अंकों में ........................................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ........................................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ........................................
   मोबाइल नंबर ........................................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ........................................
7. शैक्षणिक योग्यता ........................................

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

**नोट : - (1)** आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।



## AGRASEN COLLEGE

Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg

### B.ED. COURSE

COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316

सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर

द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113





# तेज बारिश और तूफान से धान की फसल हुई चौपट



**मुंडा ।** बलौदाबाजार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुंडा के आसपास क्षेत्र कोलिहा, सरवाड़ीह, चिरपोटा, जामडीह, कोहरौद, कारी, गदहीडीह, खम्हारडीह, लाहौद, जुड़ा, पैजनी, कासियारा, चिचिरदा, अहिल्दा सहित गांव में जो टेल एरिया पड़ता है पानी अधिक होने के चलते पानी की आवश्यकता नहीं हो रहा है । धान की फसल में अभी-अभी बालियां निकली हुई है जो बारिश व तूफान के वजह से धान की फसल गिर गया है और तहस-नहस हो गया है जिसे देखते हुए कृषकों के द्वारा अतिशीघ्र ▶▶ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### पंजाबी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 8 नवंबर को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा का 29वां पंजाबी युवक युवती परिचय सम्मेलन 8 नवंबर को पंजाब केसरी भवन, जोरा में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के साथ अन्य राज्यों से प्रतिभागी शामिल होंगे। सभा के अध्यक्ष जवाहर खन्ना एवं मेरिज ब्यूरो सचिव प्रीतम अरोरा ने संयुक्त रूप से बताया कि सम्मेलन में भाग लेने के इच्छुक युवक या युवती के साथ उसके दो अभिभावक शामिल हो सकते हैं। दूर दराज क्षेत्रों से आने वालों के लिए रुकने और खान पान की व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से की गई है। सम्मेलन में भाग लेने वालों के लिए पंजीयन शुरू हो गया है । वॉट्सऐप एवं ऑन लाइन के द्वारा भी पंजीयन कराया जा सकता है। पंजाब केसरी भवन के मेरिज ब्यूरो का दूरभाष नंबर में फोन करके अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। सम्मेलन में नागपुर, जबलपुर, भोपाल,रांची से समाज के प्रतिनिधि अपनें शहरों में दर्ज बॉयोडाटा लेकर आएंगे, जिसे सम्मेलन में आये प्रतिभागी निशुल्क अवलोकन कर सकेंगे। समाज द्वारा युगल जोड़ी नाम से एक मोबाईल ऐप बनाया गया है।

### झिटकी में शरद पूर्णिमा आज

**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत झिटकी में प्रतिवर्ष के भांति इस बार भी शरद पूर्णिमा 6 अक्टूबर सोमवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। है। इस अवसर पर दर्शकों के मनोरजंन के लिए रात्रि में बर चौक में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी तुमगांव एवं नीम चौक में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी बिरकोनी का कार्यक्रम रखा गया है।

### पढ़ाई और प्रतिभा में अव्वल, दीपक बने युवाओं की प्रेरणा

**तेंदूकोना।** शिक्षा और सह-पाठयक्रम गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए ग्राम मचानपार जिला राजनांदगांव निवासी दीपक कर्साल यदु ने जिले और विद्यालय का नाम रोशन किया है। दीपक कर्साल यदु पिता खोलबहरा राम यदु माता प्रेमलता यदु के सुपुत्र हैं। मूलतः वे ग्राम बरतुंगा जिला महासमुंद के निवासी हैं। कक्षा 9वीं में ही उन्हें यूनाइटेड स्कूल ऑर्गेनाइजेशन (यूएसओ) द्वारा चेन्नई में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला, जहाँ उन्होंने भाषण में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में उन्होंने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में नवम स्थान हासिल किया। कक्षा 11वीं में भी उन्होंने गणित विषय में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

### राष्ट्रीय मॉडर्न पेंटाथलॉन में जिले के 8 खिलाड़ी होंगे शामिल

**महासमुंद।** मॉडर्न पेंटाथलॉन ऑफ इंडिया एवं मध्य प्रदेश मॉडर्न पेंटाथलॉन एसोसिएशन द्वारा नेशनल मॉडर्न पेंटाथलॉन चैंपियनशिप 2025 का आयोजन इंदौर मध्य प्रदेश में 5 से 7 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य से 20 खिलाड़ी एवं महासमुंद जिले के भोरिंग, तुमगांव से 08 खिलाड़ी भागीदारी करने शुक्रवार को इंदौर के लिए रवाना हुए, जिसमें अभिषेक निर्मलकर पिता विजय कुमार निर्मलकर, अभिषेक नेहरू पिता सुनील नेहरू, जगदीश धीवर पिता पुरन लाल धीवर, ममता धीवर पिता पुरन लाल धीवर, गीतांजलि साहू पिता अश्वनी साहू, मनीष ढीढ़ी पिता उदे श्याम ढीढ़ी, निवेश मन्नाडे पिता हीरा लाल मन्नाडे, आर्यन प्रधान पिता वीरेंद्र प्रधान एवं प्रशिक्षक सुनील पॉल व दिलीप विश्वकर्मा शामिल होंगे।

# एग्रीस्टेक पंजीयन एवं फसल सर्वेक्षण सूची का विशेष ग्रामसभा में किया गया वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर के निर्देशानुसार विशेष ग्रामसभा में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की तैयारी हेतु एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत कृषकों और उनके जमीनों की सूची तथा ग्रामवार, कृषकवार डिजिटल फसल सर्वेक्षण और गिरदावरी रिपोर्ट की सूची पंचायत भवन में चस्पा करते हुए पठन किया गया।अपर कलेक्टर दीप्ति गौते ने तहसील भाटापारा के ग्राम पंचायत सुरखी में आयोजित ग्रामसभा बैठक में डिजिटल क्रॉप सर्वे और गिरदावरी रिपोर्ट का पठन कराया। इसके साथ ही तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में उपस्थित होकर एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत कृषकों और उनके जमीनों तथा डिजिटल फसल सर्वेक्षण एवं गिरदावरी सूची चस्पा सुनिश्चित कराते हुए पठन कराया गया। इसी तरह तहसील कसडोल के ग्राम पंचायत ठाकुरदिया, बरबसपुर, मोहतरा, दर्रा, तहसील लवन के ग्राम पंचायत ख़ैंदा, भालुकोना तहसील पलारी के ग्राम पंचायत मुड़पार, तहसील टुंडरा के ग्राम पंचायत बलौदा, तहसील बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत शुक्लाभाठा, तहसील भाटापारा के ग्राम पंचायत सुरखी, तहसील सोनाखान के ग्राम पंचायत गोलाझर, तहसील सिमगा के ग्राम पंचायत नेवधा एवं तहसील सुहेला के ग्राम पंचायत रावन में भी विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया।

ग्राम पंचायत रावन में भी विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ





## यातायात, साइबर और नशा मुक्ति जागरूकता का संदेश भी हुआ शामिल

# शतरंज की बिसात पर युवा कौशल का जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव एवं राज्य स्थापना के 25वें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में बलौदाबाजार-भाटापारा जिला पुलिस द्वारा शुक्रवार को इंडोर स्टेडियम बलौदाबाजार में ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य यातायात जागरूकता, साइबर सुरक्षा और नशा मुक्ति अभियान के प्रति जनमानस को सजग करना था।

4 दिसंबर को प्रातः 8 बजे से इंडोर स्टेडियम बलौदाबाजार में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ओपन शतरंज प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 में वर्ष प्रवेश पर्व एवं छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर यातायात जागरूकता, साइबर जागरूकता एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित किया गया, जिसमें श्रीमती आकांक्षा गोलू जायसवाल अध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा, श्री अशोक जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, श्रीमती सुलोचना यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदाबाजार, जिला कलेक्टर , पुलिस अधीक्षक, वन मंडलाधिकारी के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्वलन कर ओपन शतरंज प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया गया।

ओपन शतरंज प्रतियोगिता प्रातः 08:00 बजे से लेकर रात्रि 08:00 बजे तक लगातार चलती रही, जिसमें 15 वर्ष से कम बालक एवं बालिका वर्ग तथा 15 वर्ष से अधिक महिला एवं पुरुष वर्ग में कुल 07 राउंड में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शतरंज प्रतियोगिता में 15 वर्ष से कम बालिका वर्ग में अदिति पांडे ने प्रथम पुरस्कार जीता तथा द्वितीय स्थान में नित्या वैष्णव रहीं तथा बालक वर्ग में प्रथम पुरस्कार लक्ष्य गुप्ता ने जीता तथा प्रांजल सिंह उपविजेता रहे। इसी प्रकार 15 वर्ष से अधिक आयु महिला वर्ग में भाग्यश्री पटेल विजेता तथा रोशनी साहू उपविजेता रहीं एवं पुरुष वर्ग में रूपेश कुमार मिश्रा ने विजेता का खिताब जीता तथा वैभव साहू द्वितीय स्थान पर रहे। समापन कार्यक्रम के अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी एवं नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर यातायात जागरूकता के तहत हेलमेट का वितरण किया। संपूर्ण प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों एवं दर्शकों का उत्साह लगातार बना रहा। भारी संख्या में दर्शक समापन कार्यक्रम तक शतरंज प्रतियोगिता के रोमांच के सहभागी बने रहे।

रजत महोत्सव के अवसर पर बलौदाबाजार पुलिस ने आयोजित की ओपन शतरंज प्रतियोगिता




## महाकाल ग्रुप करेगा शरद पूर्णिमा पर जस झांकी का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम मुड़पार में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाकाल ग्रुप मुड़पार के संयुक्त तत्वावधान में भव्य जय महामाया जस झांकी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन 6 अक्टूबर को रात्रि 9 बजे से भाटा चौक, ग्राम मुड़पार में किया जाएगा। यह प्रस्तुति जय महामाया जस झांकी परिवार मांडर रायपुर द्वारा दी जाएगी, जिसे आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता निर्मला किरीत निषाद सरपंच करेंगी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डोमार मारकंडे सरपंच नवापारा, मनोज तिवारी पूर्व सरपंच, जयप्रकाश पूर्व सरपंच, तिहारू राम साहू, रामनाथ राम साहू, दूजे राम यदु, सचिव यश कुमार साहू उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन में महाकाल ग्रुप के सदस्यगण रामकुमार यादव, भारत मिट्ठू लाल यादव पंच, लालू यादव, संदीप देवदास, पूरन यादव, हीरा दास मानिकपुरी, दीपक साहू, हरीश छेरकाने सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में विशेष सहयोग छत्तीसगढ़ क्रांति सेना ग्राम इकाई मुड़पार, संरक्षक डोमार साहू, मेकरावल यादव, खिलेंद्र साहू, मूलचंद साहू, फलित गेडरे, विनीत महाकाल ग्रुप एवं समस्त ग्रामवासी मुड़पार का रहेगा। महाकाल ग्रुप एवं ग्रामवासियों ने अंचल के सभी जनप्रतिनिधियों, युवाओं और दर्शकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर जस झांकी का आनंद लें ।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम बोईरडीह स्थित सावित्री राईस मील के पास खड़ी ट्रक से टकराने से बाइक चालक घायल हो गया। गुलाब प्रधान ने पुलिस को बताया कि 7 अगस्त को उसके पिताजी हेमराज प्रधान अपने काम से अपने मोटर सायकल स्प्लेण्डर क्र. सीजी 06 जीडी 2204 में जगदीशपुर गये थे वहां से वापस ग्राम बोईरडीह आ रहे थे। सावित्री राईस मील के पास बोईरडीह पहुंचे थे, जहाँ ट्रक क्र. सीजी 06 जीजेड 9688 के चालक ने अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से बिना संकेतक दिये रोड में खड़ी किया था। उसी समय रात करीबन 8:20 बजे पिरदा की ओर से आ रही चार पहिया वाहन कि लाईट के चमकने से खड़ी ट्रक में हेमराज टकरा जाने से मोटर सायकल सहित नीचे गिर गए। हादसे में घायल हेमराज को ईलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# मुण्डा-बरदा सड़क की हालत बद से बदतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

विकास की इस दौर में ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें अभी भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। सरकार या जनप्रतिनिधि भले सड़को का जाल बिछा देने का दावा कर रही हो लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि अभी भी ऐसे गांव है जहां शहर से ग्रामीण सड़कों को जोड़ने वाली सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को मजबुर है। लवन क्षेत्र में दर्जनों से भी अधिक गांव ऐसे है जहां जर्जर गढ्ढानुमा सड़क अपने जिर्णोद्वार के इंतजार में है। इसका जीता जागता उदाहरण बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत मुण्डा से बरदा पहुंच मार्ग की देखी जा रही है।

इस मार्ग की लम्बाई 2.5 किमी है, जिसे 2018 में बनाया गया है। वर्तमान में सड़क पर अनगिनत जानलेवा खतरनाक गढ्ढे निर्मित हो गए है। बारिश होने पर गढ्ढों में पानी भर गया है। राहगीरों को पानी भरे मार्ग में गढ्ढों की गहराई को ठीक से भाप नहीं पाते है, और इस वजह से रोजाना छोटी-मोटी दुर्घटनाएं हो रही है।

जिसका प्रमुख जिम्मेदार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी है। सड़क बनाने के बाद मरम्मत एवं जीर्णोद्वार कार्य पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया गया है, जिसकी वजह से इस रोड की दुर्दशा इस प्रकार हुई है।



### चुनौतीपुर्ण काम हो गया मार्ग पर गाड़ी चलानाः ग्रामीण

मुण्डा से बरदा पहुंचमार्ग मार्ग सड़क की हालत इतनी बदत्तर हो चूकी है कि अब यह मार्ग सड़क कम और गढ्ढे ज्यादा दिख रहे है, कुछ दिनों तक ऐसी ही हालत रही तो यह गढ्ढा तालाबनुमा बन जायेगा। बरसात के दिनों में उक्त सड़क जलभराव का शिकार हो गया है, जिससे आने-जाने वालों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से गुजरना अब खुद को संकट में डालने जैसा हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि आए दिन दोपहिया वाहन फिसलने से लोग घायल हो रहे है। वही स्कूल कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं और महिलाएं सबसे अधिक परेशानी झेल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि संजीवनी वाहन 108 और 102 जैसी एम्बुलेंस सेवाएं भी इस उबड़-खाबड़ सड़क पर बड़ी मुश्किल से पार कर पाते है। वही, गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक ले जाना किसी चुनौती से कम नहीं है।

### नवीनीकरण के लिए भेजा गया है प्रस्तावः अधिकारीः

ग्रामीणों का कहना है कि जब कांग्रेस सरकार थी, तब भाजपा के लोग सड़कों की दुर्दशा को लेकर प्रदर्शन करते थे, मगर अब खुद सत्ता में आने के बाद भी सड़क सुधार की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। इस संबंध में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के एसडीओ प्रमोद निर्मलकर ने कहा कि नवीनीकरण के लिए प्रस्ताव भेजा गया है जैसे ही राशि स्वीकृत होता है कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

# जगदीश बने तहसील साहू समाज के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

रविवार को साहू समाज भवन में तहसील साहू संघ का चुनाव शाँती पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। जिसमे जगदीश साहू अध्यक्ष निर्वाचित हुए वही महिला उपाध्यक्ष के लिए गीता देवी साहू, पुरुष उपाध्यक्ष प्रीतम साहू, महिला संगठन सचिव कुंती साहू, पुरुष संगठन सचिव में मनोज साहू निर्वाचित हुए। गहमा गहमी से भरे इस तहसील साहू संघ के चुनाव में जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी भोलाराम साहू, पर्यवेक्षक राजाराम साहू कोषाध्यक्ष जिला साहू संघ सहित टीम 4 बूथों पर शांतिपूर्वक तरीके से चुनाव सम्पन्न कराया।चुनाव कुल 716 मतदाता थे जिसमें 585 मतदाताओं का उपयोग करते हुए अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। मतदान लगभग 81 प्रतिशत रहा।

तहसील साहू सँघ अध्यक्ष के लिए 3 प्रत्याशी मैदान में थे जिसमें जगदीश साहू को 262 मत, धन्नू साहू को 229 मत वीरेंद्र कुमार साहू 93 मत प्राप्त किया 3 मत निरस्त हुए, इस तरह जगदीश साहू 33 वोटों से जीतकर तहसील साहू समाज के अध्यक्ष बने। उसी प्रकार महिला उपाध्यक्ष के लिए 3 दावेदार थे जिसमें गीता देवी साहू को 210 मत ,डोलेश साहू 171 मत शकुंतला साहू को 199 मत प्राप्त हुआ इस करीबी मुकाबले में गीता देवी साहू 11 वोटो से विजयी हुए। पुरुष उपाध्यक्ष प्रीतम साहू निर्वाचित हुए सीधे मुकाबले में प्रीतम साहू को 393 प्रेम साहू को 191 वोट मिले । महिला संगठन सचिव में पलारी के कुंती बाई साहू को 220 वोट लेकर विजयी हुए, केवरा साहू को 180, नुतेश्वरी 83, संगीता साहू 99 वोट मिले । पुरुष संगठन सचिव मनोज साहू 255, बेदराम को 254, विजय साहू को 77 मत इस तरह बेहद करीबी मुकाबले में मनोज साहू 1 वोट से विजयी घोषित किए। चुनाव सम्पन्न कराने में पूर्व जिलाध्यक्ष धनंजय साहू, नगर अध्यक्ष साहू संघ गोपी साहू, उपाध्यक्ष मुंशी साहू, सरच्छक बृजमोहन साहू, गणपत साहू, डॉ रामकुमार साहू, महेंद्र मोनू साहू, मिथलेश मुकेश साहू, लेखराम साहू, सनकुमार साहू, अर्जुन साहु, कुंदन साहू, लेखराम साहू, उलेख साहु, अमृत साहू, हेमंत साहू, देवेंद्र साहू, साधराम साहू, सोहन साहू, सुरजीत साहू, राजेन्द्र साहू, हेम साहू, ऋषि साहू, मन्नू साहू सहित तहसील, नगर, तथा भवानीपुर परिछेत्र, रोहांसी परिछेत्र, दतान परिछेत्र के पदाधिकारियों का योगदान रहा।



### तहसील साहू संघ बलौदाबाजार के पारसमणी अध्यक्ष, दिनेश उपाध्यक्ष



**घोटिया ।** तहसील साहू संघ बलौदाबाजार का चुनाव उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। शनिवार को साहू छात्रावास भवन में आयोजित इस चुनाव में समाज के सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिला साहू संघ अध्यक्ष सुनील साहू के नेतृत्व में पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से हुए मतदान में बड़ी संख्या में समाज जनों की उपस्थिति देखने को मिली। अध्यक्ष पद के लिए हुए कड़े मुकाबले में पारसमणी साहू ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 9 मतों से पराजित कर जीत दर्ज की। उपाध्यक्ष पुरुष पद पर दिनेश साहू ने 34 वोटों के अंतर से जीत हासिल की। वहीं उपाध्यक्ष महिला पद पर ललिता साहू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 62 वोटों से विजय प्राप्त की। संगठन सचिव पुरुष पद पर विष्णु साहू ने 17 मतों से जीत हासिल की जबकि संगठन सचिव महिला पद पर गंगा साहू निर्विरोध निर्वाचित हुईं। चुनाव परिणाम घोषित होते ही साहू छात्रावास भवन में खुशी का माहौल छा गया। समर्थकों ने विजयी उम्मीदवारों को फूल-मालाओं से स्वागत किया। मिठाइयां बाँटकर अपनी खुशी व्यक्त की। अध्यक्ष पारसमणी साहू ने कहा कि समाज की एकता और विकास के लिए सभी वर्गों को साथ लेकर कार्य किया जाएगा। उपाध्यक्ष दिनेश साहू ने कहा कि युवा वर्ग को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने की दिशा में विशेष पहल की जाएगी। इस अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने में निर्वाचन समिति की भूमिका सराहनीय रही। समिति के सदस्यों ने निष्पक्ष और सुव्यवस्थित तरीके से मतदान कार्य को पूरा किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष, युवा और वरिष्ठजन उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### कसडोल थाने के...

के चंदा देवी अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज जारी है बाकी 2 घायलों को भी प्राथमिक इलाज के बाद अस्पताल भेजा गया। कसडोल एसडीओपी कौशल किशोर वासनिक ने बताया कि शिवकुमार चौहान ने थाने में रिपोर्ट की थी जिसमें बताया कि उनके साथी गांव की गली से गुजर रहे थे इस दौरान अंशु दास मानिकपुर गाली-गलौज कर रहा था. इस पर शिवकुमार चौहान ने कहा कि गाली-गलौज मत करो. इतने में गुस्साए अंशु ने अपने पास रखे चाकू से जानलेवा हमला कर दिया पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लिया है। दूसरी वारदात, देवरीकला गांव यहां एक डांस प्रतियोगिता चल रही थी जिसको देखने आश्रित गांव के लोग भी आए थे। अचानक किसी विवाद को लेकर माहौल बिगड़ गया और देखते ही देखते मामला चाकूबाजी तक पहुंच गया आरोप है कि सरपंच बालेश्वर दास वैष्णव के भाई दिलेश्वर वैष्णव उनके साथियों ने धारदार हथियार चाकू हाथ मुक्का से 8 लोगों पर हमला किया जिस पर धारा 307 का केस दर्ज किया गया है। घायलों को कसडोल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लाया गया इनमें से कुछ की हालत गंभीर होने पर उन्हें बलौदाबाजार जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### तेज बारिश और...

नहर में आ रहे पानी गंगरेल बांध से पानी बंद करने की मांग की है ताकि धान की फसल की बालियां अभी-अभी निकली हुई है जिसे सडने वह बर्बाद होने से बचाया जा सके ।


HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH




## 15 वर्षों से आपकी सेवा में



## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567**

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
03 अक्टूबर 2025 SHOW TIME
कांतारा-2
शो समय -12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
सन्नी संस्कारी की तुलसी कुमारी
शो समय - 03:00, 06:00, 9:00 PM
गुरू बालकदास
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# जिला पंचायत सदस्य ने किया भवानीपुर रंगमंच निर्माण का भूमिपूजन

## सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने में मिलेगी सुविधाः बंजारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

विकासखण्ड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत भवानीपुर मे रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे द्वारा किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर धरती मां व छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर विधिपूर्वक पंडित द्वारा मंत्र उच्चारण कर पूजा अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रवि बंजारे ने कहा कि यह रंग मंच बनने से सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए गांव के लोगों को सुविधा मिलेगी। अब सांस्कृतिक कार्यक्रमों को करने के लिए मंच आदि बना कर खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अब जब चाहे आप कुछ भी कार्यक्रमों का आयोजन कर सकते हैं जिसके लिए आपको ज्यादा रुपए खर्च करने की आवश्यकता नहीं होगी। ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए विधायक संदीप साहू द्वारा रंगमंच की स्वीकृति प्रदान किया गया है, जिसकी भूमिपूजन कार्य आज संपन्न हुआ ।सरपंच प्रतिनिधि जगदीश लहरे ने गांव की समस्याओं को अवगत कराते हुए गली कांक्रीटीकरण, स्कूल में आहता निर्माण, मुक्तिधाम सेड, आहता निर्माण एवं भवानीपुर से धौराभाठा तक पहुंच मार्ग का मांग रखा जिसे संज्ञान में लेते हुए रवि बंजारे ने सरपंच एवं ग्रामीण को आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही गांव के विकास के लिए इन कार्यों की स्वीकृति प्रदान करेंगे।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान उपसरपंच फागू राम सेन, धनेश्वर साहू, संतोष साहू, मुखी राम साहू, काशी साहू, सेवक राम साहू, विजय साहू, भोजराम साहू, धनेश साहू, चिंता साहू, पूरन साहू, सहित ग्रामीण एवं पंचायत प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

पर्व : राम-रावण दल के घमासान युद्ध ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

# धधक उठा रावण, गूंजा जयघोषः हिरमी में धूमधाम से मनी विजयादशमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

अंचल में विजयदशमी पर्व 22 फीट रावण का पुतला जलाया गया। सत्य की जीत हुई और असत्य की पराजय। आदर्श श्रीराम लीला मंडली पुरानी बस्ती जांगड़ा के अध्यक्ष श्री शेष नारायण कश्यप ने जानकारी दी कि 3 अक्टूबर, शुक्रवार को स्थान छत्तीसगढ़ महतारी मंच जांगड़ा में विजयादशमी दशहरा उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

रामलीला मैदान में जमकर आतिशबाजी के साथ रावण का पुतला किया। अहंकारी रावण का वध किया गया। रामलीला मैदान में दोनों पक्षों में जमकर आतिशबाजी हुआ। यहां का विजयदशमी बाजार चौंक में कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। रामलीला मैदान में भीषण दोनों पक्षों में घमासान युद्ध हुआ राम दल और रावण दल में जमकर आतिशबाजी हुआ हैं। प्रति वर्ष की भांति इसी वर्ष भी हर्षोल्लास पूर्वक और शांति पूर्ण रूप से विजयदशमी पर्व मनाया गया। इस रामलीला का मंचन में राज्यभिषेक हुआ राम ने माता सीता को रावण के लंका से छुड़ाकर लाया गया। रावण मरने के दौरान हा हा हा हंसता रहा था। राम भक्त रावण का भाई विभीषण ने राम को बताया कि रावण के नाभी में अमृत का कुंड है इस तरह असत्य पर सत्य का विजय हुआ ।

**ये रहे उपस्थितः** आयोजन में मुख्य अतिथि मोहन लाल वर्मा सभापति जिला पंचायत सदस्य बलौदाबाजार, विशेष अतिथि करण वर्मा विधायक प्रतिनिधि बलौदाबाजार विशिष्ट अतिथि डॉ पूर्णेश्वरी-रविन्द्र बघेल, अध्यक्षता कलावती-अलेन चतुर्वेदी, सरपंच ग्राम पंचायत जांगड़ा व समस्त पंचगण गाँव के गणमान्य नागरिक जन गांव के व आस पास के गांवों से आए दर्शक बन्धु सकड़ों की संख्या में उपस्थित हुए।



### इनकी रही अहम भूमिका

श्री राम लीला में श्री राम के भूमिका में बसंत ध्रुव, लक्ष्मण के भूमिका में चेतन वर्मा, जानकी के भूमिका में राजू ध्रुव, हनुमान की भूमिका में सोनू ध्रुव, अंगद के भूमिका में हेमंत ध्रुव, जामवंत के भूमिका में गुलाब वर्मा रावण के भूमिका में पण्डित यमुना मिश्रा, कुंभकरण के भूमिका में योगेश विश्वकर्मा, विभीषण के भूमिका में धीरेन्द्र वर्मा तथा ब्यास में गोविन्द निषाद, तबला वादक में शशि वर्मा, रामाधार देवदास, ढोलक वादक में देवेन्द्र पटेल, बेंजो व बांसुरी वादक गोपाल निषाद, मंजीरा वादक में भागीरथी निषाद तथा सदाबहार कलाकार में मुख्य रूप में मनमोहन सिंह ध्रुव, कुलदीप ध्रुव, कमलेश विश्वकर्मा, गोवर्धन गिर गोस्वामी, व्यवस्थापन में रूपेंद्र ध्रुव, मुकेश निषाद, रूपेंद्र वर्मा साथ ही साथ छोटे छोटे बहुत से कलाकारों ने इस रामलीला में भाग लेकर इस रामलीला आयोजन को सफल बनाया।

# रामलीला और झांकियों ने मोह लिया दर्शकों का मन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद

सिमगा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नवापारा में विजयादशमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर गांव में आकर्षक रामलीला मंचन का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और भक्त हनुमान के जीवंत पात्रों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

मंचन के दौरान जब भगवान श्रीराम ने रावण वध किया तो पूरा परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा।

इस आयोजन में विशेष रूप से जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत रामपाल, नवापारा सरपंच डोमार सिंह मार्कण्डेय, पूर्व सरपंच भुनेश्वर वर्मा, बासिन जनपद सदस्य खेमलाल साहू तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी और अतिथि गण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस उत्सव को और भी भव्य बना दिया।

### आकर्षक धार्मिक झांकियां रही खासियत

झांकियों में भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का सुंदर चित्रण किया गया। साथ ही स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। रात्रि में भव्य रावण दहन का आयोजन किया गया, जिसे देखने के लिए आसपास के गांवों से भी भारी संख्या में लोग पहुंचे। गांव के वरिष्ठ जनों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन न केवल हमारी परंपराओं और संस्कृति को जीवंत रखते हैं बल्कि नई पीढ़ी को अपने संस्कार और इतिहास से भी जोड़ते हैं। विजयादशमी के इस अवसर पर पूरा नवापारा गांव उत्साह और उमंग से सराबोर रहा और लोगों ने आपसी भाईचारे, सत्य की विजय और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया।

## खबर संक्षेप

### परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन की तिथियां निर्धारित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्वाध्यायी परीक्षा 2026 के परीक्षा आवेदन फार्म आन लाइन भरने के लिए तिथियां निर्धारित की गई है। इसमें सामान्य शुल्क के साथ 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक, बिलंब शुल्क के साथ 01 नवंबर से 16 नवंबर तक, विशेष विलंब शुल्क के साथ 17 नवंबर से 30 नवंबर तक तक इच्छुक छात्र-छात्राएं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में सम्पर्क स्थापित कर परीक्षा आवेदन फार्म भर सकते हैं।

### प्लेटफॉर्म पर चलेगी बैटरी कार, कुलियों का आरोप - रेलवे छीन रहा रोजगार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन पर बैटरी ऑपरेटेड कार, बैटरी चलित वाहन के विरोध में लाइसेंसी कुलियों ने मोर्चा खोल दिया है। कुली अपने परिवार के सदस्यों के साथ बीते दिनों स्टेशन में प्रदर्शन के बाद शनिवार को प्रेस क्लब पहुंचे। इस दौरान कुलियों ने इस सुविधा को बंद करने की मांग उठाई। उनका कहना है कि बैटरी ऑपरेटेड कार से उनके रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और इसे बंद किया जाना चाहिए। अगर प्लेटफार्म पर बैटरी कार चलेगी और कोच तक गाड़ी ही सामान पहुंचा देगी, तो यात्री कुली से मदद क्यों लेंगे। रेलवे प्रशासन ने रायपुर के लिए 4, दुर्ग के लिए 3 व भिलाई पावर हॉउस और भाटापारा में एक बैटरी के लिए टेंडर दिया है। कुलियों का कहना है कि इस फैसला से रेलवे को आर्थिक लाभ होगा, लेकिन कुली को नुकसान है। इधर पूरे मामले पर रेलवे अधिकारियों का कहना है कि बैटरी ऑपरेटेड कार यात्रियों की सुविधा के लिए संचालित की जा रही है। इसे बंद नहीं किया जा सकता, क्योंकि रेलवे लगातार यात्रियों की सुविधाओं में सुधार कर रहा है, ताकि उनकी यात्रा सहज और आरामदायक हो।

### राज्य में जल जीवन मिशन में निर्देशों की अवहेलना की जांच करेगा वित्त विभाग

**रायपुर।** राज्य में जल जीवन मिशन में ठेकेदारों के भुगतान के लिए राज्यांश की राशि जारी करते हुए वित्त विभाग ने स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए थे कि सिंगल विलेज योजनाओं के मामले में भुगतान किया जाए। इधर जिलों को आबंटन के बाद मल्टी विलेज वाले समूह जलप्रदाय योजना के तहत बाहर की चुनिंदा एजेंसियों को ही भुगतान किया गया। निर्देशों का पालन न होने पर वित्त विभाग ने पूरी जानकारी लेकर मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। बताया गया है कि भुगतान को लेकर निर्माण एजेंसियों को पीछे हटना पड़ रहा है। संबंधित कई दस्तावेज उपलब्ध कराने में दिक्कतें हैं। निर्माण एजेंसियों का दावा है कि काम पूरा होने के बावजूद राशि नहीं मिलने से अन्य कार्यों को आगे बढ़ाने में दिक्कत होगी।

## निधन

### मालती साहू

**घोटिया ।** ग्राम भरूवाडीह निवासी मालती साहू का 65 वर्ष की आयु में 2/10/2025 को निधन हो गया। वे मैकू लाल साहू की धर्मपत्नी और गनेंद्र साहू, मालिक साहू की माता थीं उनके अंत्येष्टि कार्यक्रम मे ग्रामीण, सामाजिक जन उपस्थित थे ।



# हिरमी में निकाली गई स्वच्छता जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

अल्ट्राटेक ग्रामीण विकास विभाग एवं चूना पत्थर खदान परसवानी द्वारा ग्राम हिरमी में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वच्छता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में नारी शक्ति संघ हिरमी की महिलाओं ने भाग लिया।रैली के दौरान प्रतिभागियों ने "स्वच्छ ग्राम, सुंदर ग्राम", "स्वच्छता ही सेवा है" जैसे नारे लगाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

रैली ग्राम पंचायत भवन से गांव के मुख्य मार्ग होते हुए जय स्तम्भ चौक, व ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय होकर निकली और लोगों को अपने आसपास साफ सफाई बनाए रखने, गंदगी न फैलाने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत हिरमी के सरपंच, सचिव व पंचगण भी उपस्थित रहे। स्वच्छता का संदेश देते हुए प्रबंधक अल्ट्राटेक सी एस आर वैभव त्रिपाठी ने कहा कि स्वच्छता न केवल स्वास्थ्य से जुड़ी है, बल्कि यह एक जिम्मेदारी भी है। स्वच्छ वातावरण से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और स्वास्थ्य दोनों को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अल्ट्राटेक सीएसआर टीम, पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ साथ नारी शक्ति संघ का विशेष सहयोग रहा।




# साहू समाज सिमगा को मिला नया नेतृत्व, रामनाथ बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

सिमगा साहू समाज के भवन में तहसील साहू समाज के अध्यक्ष का निर्वाचन जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पदाधिकारियो की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। तत्पश्चात मतदान प्रक्रिया प्रारंभ किया गया जिसमें कुल 255 लोगों ने मतदान किया। जिसमें रामनाथ साहू को 115 मत, बाबूलाल साहू को 70 एवं सुरेश साहू को 68 मत मिले। वहीं 02 मत अमान्य हुए। इस प्रकार तहसील अध्यक्ष के रूप में रामनाथ साहू निर्वाचित हुए।

वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए भुवन साहू को 112, रामखिलावन को 100 एवं योगी साहू को 40 एवं 04 मत अमान्य हुए। जिसमें उपाध्यक्ष के रूप में भुवन साहू निर्वाचित हुए। महिला उपाध्यक्ष पद के लिए सावित्री बाई साहू को 133 एवं अंजू साहू को 119 तथा 03 मत अमान्य हुए। इस प्रकार महिला उपाध्यक्ष सावित्री साहू निर्वाचित हुए। पुरूष संगठन सचिव के लिए हुए मतदान में धनेश्वर साहू 100, रमेश साहू 78, विश्वनाथ साहू 71, एवं 03 मत अमान्य रहे। इस प्रकार धनेश्वर साहू संगठन सचिव निर्वाचित हुए। वहीं संगठन सचिव महिला अहिल्या बाई साहू को निर्वाचित घोषित किया गया। उक्त अवसर सिमगा नगर साहू समाज के अध्यक्ष कमलेश साह, शेष नारायण साहू, मानधाता साहू, कुंज राम साहू, रामबिलास साहू, गोलू साहू, चंद्रशेखर साहू, अमरनाथ साहू, तानू साहू, महेंद्र साहू, खुबीराम साहू, हरीश साहू सहित समाज के उपस्थित रहे।

# भव्य गरबा उत्सव में झूमे श्रद्धालु ललित कलाओं में रमा आनंद परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

- पारंपरिक वेशभूषा, गरबा क्वीन-प्रिंस प्रतियोगिता और पुरस्कारों ने बांधा समां

सिंधु मित्र मंडल व सिंधु महिला मंडल द्वारा समाज के सहयोग से भव्य गरबा उत्सव का तीन दिवसीय आयोजन परम आनंद परिसर पटपर में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंम्भ प्रतिदिन माता की आरती से किया गया। तीनों दिन भक्तों की भीड़ ने विभिन्न वेषभूसा में देर रात तक गरबा खेल कर माता को प्रसन्न करते हुए आनंद लिया।

कार्यक्रम का संचालन शीतल आर्य ने किया, वहीं तीनों दिन आयोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था कैलाश बालानी व गोलू थारानी और गब्बर आर्य द्वारा की गई। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से इंदरलाल थारानी, भीषम गुरयानी, कैलाश बालानी, राधेश्याम आर्य, गुरमुख गंगवानी, राजेश छाबड़िया, सुरेश गोदवानी, नंदलाल तनवानी, अमर छाबड़िया, महेश चंदानी, गोलू थारानी, नितिन भोजवानी सहित महिला मंडल से शीतल आर्य, सोनी छाबड़िया, कोमल थदवानी, दिया मेघानी, सोनिया बालानी, रीमा बत्रा, कनक माधवानी उपस्थित रहे।



### इन्हें मिला पुरस्कार

अंतिम दिवस अलग अलग श्रेणी में पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें बेस्ट वेशभूषाः- अनाया थारानी, गीत जसवानी, नारायण पंजवानी, रितेश थारानी, हीर, आरती गेहाणी, नीतू छाबड़िया, संजना माधवानी, वंश ठाकुर, सान्वी वलेचा, कृष्णा, वंशिका आर्य। बेस्ट एनर्जीः- में सारा बालानी, हर्ष सचदेव, रौनक वलेचा, एंगल समतानी, रिषी थारानी, कुनाल लालवानी, पलक सबलानी, बेस्ट गरबाः-रवि निहलानी, स्वयम तनवानी, मुस्की कामनानी, खुशी बालानी, रक्षा, सिद्धी गोकलानी, मुस्कान अहिलानी, तान्या मोटवानी, नैंसी तलरेजा, एकता सचदेव, मयूरा गजरानी, लक्की भागवानी, सुमीत सोनी, दिव्यांश। आल इन वन गरबाः- सत्यम किंगरानी, गरबा किंग यश छाबड़िया, गरबा क्वीन सौम्या जसवानी, मिस गरबा सृष्टि सबलानी, प्रिंस प्रेम वनवानी, प्रिसेंस अनाया जसवानी, गरबा लेडिस रीना ईदवानी, बेस्ट आडियंस दया सचदेव जज के रूप में दिया मेघानी, राहुल तुलानी, लव आर्य ने अपनी सेवाएँ दी।

चंद्रमा की सोलह कलाएं करेंगी ऊर्जा का संचार, मंदिरों में होगा भजन-कीर्तन

# शरद पूर्णिमा पर अमृत वर्षा की प्रतीक्षा, खीर से महकेगा आंगन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा


शरद पूर्णिमा आज 6 अक्टूबर को है। मंदिरों में विशेष पूजन होगा। घरों में खीर बनेंगे। पंडालों में मां लक्ष्मी विराजेंगी। शरद पूर्णिमा के दूसरे दिन कार्तिक महीने की शुरुआत होती है। कार्तिक माह में स्नान और दीपदान का विशेष महत्व होता है। मान्यता के अनुसार आधी रात को आसमान से अमृत की वर्षा होगी। घर-घर खीर का प्रसाद बनेगा और उसे रात्रि में चांदनी में रखा जाएगा। लोगों की नजरें आसमान की ओर है। आधी रात को अमृत वर्षा के बाद कल प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

खरोरा के करियादामा लक्ष्मीनारायण मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर, बालाजी दरबार मंदिर समेत कुछ मंदिरों में भजन-कीर्तन होगा। शरद पूर्णिमा को चंद्रमा सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है। इस दिन व्रत पूजन का भी विशेष महत्व होता है। इस व्रत को कोजागरी पूर्णिमा व्रत या कौमुदी व्रत भी कहते हैं। ज्योतिषों के अनुसार पूरे साल में केवल इसी दिन चंद्रमा सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है।



### पंडालों में लक्ष्मी पूजन

इस दिन लक्ष्मी पूजन का भी विधान है। मान्यता है शरद पूर्णिमा पर लक्ष्मी पूजन से उनकी कृपा बरसती है। लोग अपने घरों में रंगोली और कल्पना के साथ ही लक्ष्मी पद चिन्ह से सजाते हैं। देर रात्रि विधि-विधान से लक्ष्मी पूजन होगा। मां को विविध प्रकार के फल और पकवानों का भोग अर्पित किया जाएगा। साथ ही मां लक्ष्मी के स्वागत में रतजगा भी किया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411